हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
प्रयागराज
गुरुवार
15 मई 2025


शहर 30s



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में बुधवार को राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। • हिन्दुस्तान

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर फहराया ध्वज

प्रयागराज। भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धि को सम्मानित करने के उद्देश्य से बुधवार को केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) के प्रांगण में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जीएम संजय कुमार श्रीवास्तव ने भारतीय ध्वज फहराकर संबोधित किया। जीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सशस्त्र बलों ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का प्रदर्शन किया है, जिसके लिए हम सभी उन्हें नमन करते हैं। इस अवसर पर संजय सिंह नेगी, उपेंद्र कुमार, आरएन सिंह, उप महाप्रबंधक कल्याण सिंह आदि उपस्थित रहे।

आज
प्रयागराज, गुरुवार १५ मई, २०२५

# 'आपरेशन सिंदूर' की सफलतापर कोरमें फहरा भारतीय ध्वज

## जीएम ने एक मजबूत और सुरक्षित भारतके निर्माणमें सर्वश्रेष्ठ योगदान देनेका दिलाया संकल्प




आपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संघटन(कोर) परिसर में बुधवार को महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने भारतीय ध्वज को फहराकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। महाप्रबंधक ने कहा कि आप सभीको ज्ञात है, कि 'आपरेशन सिंदूर' भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा बीते ७ मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीरमें आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ चलाया गया एक साहसिक अभियान था। यह अभियान अप्रैल माहमें पहलगाममें हुए आतंकवादी हमले का एक करारा जवाब था, जिसमें हमारे कई निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी। इस अभियानके तहत कुल ९ ठिकानों को निशाना बनाया गया था, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और उन्हें निर्देशित किया गया। भारतकी यह कार्रवाई केंद्रित और नपी-तुली थी। भारत ने अपने लक्ष्यों के चयन और उन्हें निशाना बनानेमें काफी संयम दिखाया था। इस अभियानका उद्देश्य सीमापार आतंकवाद को प्रायोजित करने वालों को एक स्पष्ट संदेश देना था कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। हमारे सशस्त्र बलों ने इस अभियान में अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय दिया, जिसके लिए हम सभी उन्हें नमन करते हैं। आपरेशन सिंदूर ने हमें यह भी याद दिलाया कि राष्ट्र की सुरक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें हम सभी नागरिकों का भी योगदान है। एक संघटन के रूप में हम देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से रेलवे के विद्युतीकरण में शामिल हैं। हमारा काम न केवल देश के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। आइए हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम एक मजबूत और सुरक्षित भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। हम एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जहां हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे और जहां विकास की गति निरंतर जारी रहे। कार्यक्रम में मुख्यालय के मुख्य बिजली इंजीनियर संजय सिंह नेगी, मुख्य बिजली इंजीनियर उपेन्द्र कुमार, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर आरएन सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक कल्याण सिंह ने किया।

समय से पहले समय पर नजर
न्यायाधीश
प्रयागराज, गुरूवार 15 मई,2025 3

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में कोर के प्रांगण में विशेष आयोजन

प्रयागराज।ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के प्रांगण में दिनांक 14/05/2025 को महाप्रबंधक, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव ने भारतीय ध्वज को फहराकर अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया।



अपने सम्बोधन में महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि आप सभी को ज्ञात है, कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 7 मई, 2025 को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ चलाया गया एक साहसिक अभियान था। यह अभियान अप्रैल माह में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का एक करारा जवाब था, जिसमे हमारे कई निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी।इस अभियान के तहत कुल 9 ठिकानों को निशाना बनाया गया था, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और उन्हें निर्देशित किया गया। भारत की यह कार्रवाई केंद्रित और नपी-तुली थी। भारत ने अपने लक्ष्यों के चयन और उन्हें निशाना बनाने में काफी संयम दिखाया था। इस अभियान का उद्देश्य सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करने वालों को एक स्पष्ट संदेश देना था कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। हमारे सशस्त्र बलों ने इस अभियान में अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय दिया, जिसके लिए हम सभी उन्हें नमन करते हैं।ऑपरेशन सिंदूर ने हमें यह भी याद दिलाया कि राष्ट्र की सुरक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें हम सभी नागरिकों का भी योगदान है । एक संगठन के रूप में, हम देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से रेलवे के विद्युतीकरण में शामिल हैं। हमारा काम न केवल देश के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।आइए, हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम एक मजबूत और सुरक्षित भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। हम एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जहाँ हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे और जहां विकास की गति निरंतर जारी रहे।कार्यक्रम में मुख्यालय के मुख्य बिजली इंजीनियर- संजय सिंह नेगी, मुख्य बिजली इंजीनियर-उपेन्द्र कुमार, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर-आर. एन. सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक कल्याण सिंह ने किया ।

सहज स्वराज्य

प्रयागराज, गुरुवार, 15 मई, 2025

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष में कोर के प्रांगण में विशेष आयोजन

(सहज स्वराज्य संवाददाता)

प्रयागराज।ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के प्रांगण में दिनांक 14/05/2025 को महाप्रबंधक, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव ने भारतीय ध्वज को फहराकर अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया।

अपने सम्बोधन में महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि आप सभी को ज्ञात है, कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 7 मई, 2025 को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ चलाया गया एक साहसिक अभियान था। यह अभियान अप्रैल माह में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का एक करारा जवाब था, जिसमें हमारे कई निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी।

इस अभियान के तहत कुल 9 ठिकानों को निशाना बनाया गया था, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और उन्हें निर्देशित किया गया। भारत की यह कार्रवाई केंद्रित और नपी-तुली थी। भारत ने अपने लक्ष्यों के चयन और उन्हें निशाना बनाने में काफी संयम दिखाया था। इस अभियान का उद्देश्य सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करने वालों को एक स्पष्ट संदेश देना था कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। हमारे सशस्त्र बलों ने इस अभियान में अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय दियां, जिसके लिए हम सभी उन्हें नमन करते हैं ।ऑपरेशन सिंदूर ने हमें यह भी याद दिलाया कि राष्ट्र की सुरक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें हम सभी नागरिकों का भी योगदान है । एक संगठन के रूप मे, हम देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से रेलवे के विद्युतीकरण में शामिल हैं। हमारा काम न केवल देश के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है ।

आइए, हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम एक मजबूत और सुरक्षित भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। हम एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जहाँ हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे और जहाँ विकास की गति निरंतर जारी रहे ।कार्यक्रम में मुख्यालय के मुख्य बिजली इंजीनियर-श्री संजय सिंह नेगी, मुख्य बिजली इंजीनियर-श्री उपेन्द्र कुमार, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर-श्री आर. एन. सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक श्री कल्याण सिंह ने किया ।



न्यायाधीश - प्रयागराज - 16/5/25

# रीवो, प्रयागराज द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय मजदूर' दिवस का आयोजन



प्रयागराज। श्रमिक वर्ग की कड़ी मेहनत एवं लगन के उत्साह वर्धन और सम्मानित करने के लिए रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन, कोर (रीवो), प्रयागराज प्रति वर्ष श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिकों को सम्मानित करता है। इसी श्रृंखला में रीवो द्वारा बुधवार को मैत्री क्लब सिविल लाइंस प्रयागराज में माननीय अध्यक्षा रीवो, प्रयागराज की अध्यक्षता म अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के उपलक्ष्य में सभी श्रमिकों के बीच आकर्षक खेल का आयोजन कर मनोरंजन किया गया। तत्पश्चात्त कुल 43 संविदा कर्मचारियों को अध्यक्षा द्वारा पुरस्कार एव प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा- वंदना श्रीवास्तव, सचिव- अनिता नदा, संयुक्त सचिव कार्यकारी-अर्चना श्रीवास्तव तथा सदस्य ममता श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित थी।

सहज स्वराज्य - प्रयागराज - 16/05/25

# रीवो द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय मजदूर' दिवस का आयोजन

**(सहज स्वराज्य संवाददाता)** प्रयागराज। श्रमिक वर्ग की कड़ी मेहनत एवं लगन के उत्साह वर्धन और सम्मानित करने के लिए रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन, कोर (रीवो), प्रयागराज प्रति वर्ष श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिकों को सम्मानित करता है। इसी श्रृंखला में रीवो द्वारा दिनांक 14/05/2025 को मैत्री क्लब सिविल लाइंस प्रयागराज में माननीय अध्यक्षा, रीवो, प्रयागराज की अध्यक्षता में 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के उपलक्ष्य में सभी श्रमिकों के बीच आकर्षक खेल का आयोजन कर मनोरंजन किया गया। तत्पश्चात कुल 43 संविदा कर्मचारियों को माननीय अध्यक्षा द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन की माननीय अध्यक्षा-श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, सचिव-श्रीमती अनिता नंदा, संयुक्त सचिव कार्यकारी-अर्चना श्रीवास्तव तथा सदस्य श्रीमती ममता श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित थी।

